# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. दो दिवसीय उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा आज कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न : चार हजार पांच सौ तैंतालीस पदों के लिए एक हजार नब्बे केंद्रों पर हुई परीक्षा।
2. मुख्यमंत्री ने सभी भर्ती बोर्ड के अध्यक्षों को दिये निर्देश : किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ की मर्यादा और आस्था के बारे में न हो अमर्यादित टिप्पणी।
3. केन्द्र सरकार ने पीएनजी और एलपीजी दोनों कनेक्शन रखने वाले परिवारों को एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने का दिया निर्देश : प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल आपूर्ति पर लगातार निगरानी जारी।

और

4. प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी जिलों में आज तेज हवा के साथ हुई बारिश : मुख्यमंत्री ने फसलों की क्षति का आंकलन कर मुआवजा देने का दिया निर्देश।

---

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा–2025 का दूसरा चरण आज कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। पुलिस भर्ती बोर्ड और प्रशासन की तरफ से परीक्षार्थियों के लिए व्यापक प्रबंध किये गये थे।

एक रिपोर्ट...

*सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा का दूसरा और अंतिम चरण आज पूरा हो गया। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित ये परीक्षा राज्य के 75 जिलों में दो पालियों में हुई। भर्ती परीक्षा प्रदेश भर में उपनिरीक्षक के चार हजार पांच सौ तैंतालीस पदों के लिये एक हजार नब्बे केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। केंद्रों की सीसीटीवी से मॉनीटरिंग के लिए त्रिस्तरीय कंट्रोल और कमांड सेंटर व्यवस्था की गई है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फ़ज़ल इनाम।*

———————————

उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में प्रश्न पत्र संबंधी मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रवैया अपनाया है। श्री योगी ने सभी भर्ती बोर्ड के चेयरपर्सन्स को निर्देश दिया कि किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ और सम्प्रदाय की मर्यादा तथा आस्था के बारे में अमर्यादित टिप्पणी न हो। उन्होंने कहा कि इसका संज्ञान लेते हुए सभी पेपर सेटर्स को भी निर्देशित करें और हैबिचुअल ऑफेंडर्स पर तत्काल पाबंदी लगाई जाए।

वहीं इस मुद्दे पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कड़ी आपत्ति जताई है। उच्च शिक्षा मंत्री ने इसे अनुचित और आपत्तिजनक बताया और कहा कि यह सामाजिक समरसता को बिगाड़ने का प्रयास है। उच्च शिक्षा मंत्री ने

इस कृत्य को मानसिक विकृति से ग्रस्त पेपर सेटर की जानबूझकर की गई हरकत बताया।

————————

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पाइप वाली प्राकृतिक गैस– पीएनजी और द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस– एलपीजी दोनों के कनेक्शन वाले परिवारों को तत्काल प्रभाव से अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि पीएनजी कनेक्शन रखने वाले किसी भी व्यक्ति को घरेलू एलपीजी कनेक्शन रखने या सरकारी तेल कंपनियों या उनके अधिकृत वितरकों से एलपीजी सिलेंडर रिफिल लेने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे उपभोक्ताओं को भी अपना एलपीजी कनेक्शन तत्काल सरेंडर करना होगा।

सरकार ने कहा कि यह कदम खाना पकाने की गैस की आपूर्ति में दोहराव को रोकने और यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि किसी भी खुदरा दुकान या वितरक के पास एलपीजी की कोई कमी नहीं है और डीजल–पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

संयुक्त सचिव ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर की जल्दबाजी में बुकिंग नहीं करने और आवश्यकता पड़ने पर डिजिटल बुकिंग करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि

राज्य सरकारों के लिए व्यावसायिक सिलेंडर उपलब्ध कराए गए हैं।

*कमर्शियल कंज्यूमर्स को भी कुछ एलपीजी दी जाए। इस संदर्भ में स्टेट गवर्नमेंट्स के साथ भी डिस्कशन हुआ है, जो कमर्शियल सिलेंडर्स है, स्टेट गवर्नमेंट के डिस्पोजल पर रखे गए हैं। टू प्रायोटाइज द कंज्यूमर्स लगभग 29 स्टेटस और यूनियन टेरिटरीज में कमर्शियल सिलेंडर्स का डिस्ट्रीब्यूशन स्टार्ट हो गया है और वह कंज्यूमर्स को मिल गए हैं।*

————————————

प्रदेश में आम नागरिको को एलपीजी, पेट्रोल और डीज़ल आपूर्ति पर लगातार निगरानी के साथ–साथ निरीक्षण और जमाखोरी के खिलाफ कार्रवाई जारी है। लखनऊ के जिलापूर्ति अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि आपर्ति पर विशेष निगरानी के साथ–साथ प्रशासन ने होम डिलिवरी पर भी फोकस कर रखा है। बाइट..

*प्रयास हो रहा है कि होम डिलिवरी पर फोकस किया जाए क्योंकि जब किसी डिलिवरी प्वाइंट से या लोगों की भीड़ मिलाता है तो उसमें जो हमारे एक्चुअल कस्टमर होते हैं और उस समय काफी दबाव आता है तो उसमें हो सकता है कि जिनको बुकिंग हो गई हो जिनको वो भी लेने का प्रयास हो इसलिए भीड़ लगती है। इस दृष्टि से यह प्रयास किया गया है कि एक दो दिन में होम डिलेवरी कराकर इस पर पूरी तरह से नियंत्रण पाया जा सके।*

इन तीनों आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति में आ रही किसी भी समस्या के निराकरण के लिये खाद्य आयुक्त कार्यालय में कंट्रोल रूप बनाया गया है। इसके अलावा राज्य के सभी जिलों में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गये हैं, जो 24 घंटे सक्रिय रहेंगे।

————————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मीबाइ के महान बलिदान का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश महिलाओं के दृष्टिकोण से प्री तरह सुरक्षित राज्य बन चुका है। बाइट...

*उत्तर प्रदेश पच्चीस करोड़ की आबादी का राज्य है। जो बेटियां दूर रिश्तेदार में चलके यहां जाकर पढ़ाई करने के लिए चली गई थी। आज अपने घर में रहकर के पाँच किलोमीटर दस किलोमीटर दूर जाकर के अपनी स्कूल जाती है और नारी सुरक्षा का इससे बड़ा उदाहरण क्या हो सकता है? उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में अब वहां की बेटियां, वहां की बहनें रात्रि शिफ्ट में भी ऑफिस में भी और कारखानों में कार्य करके सकुशल अपने घर वापस आती हैं। हर भारतीय नारी को इस सुरक्षा की गारंटी और सम्मान की गारंटी मिलनी चाहिए। उसको स्वावलंबन की गारंटी मिलनी चाहिए। यह जौहर श्रद्धांजलि समारोह उसका एक प्रतीक है और उसका आह्वान भी कर रहा है। यह हर भारतीय नारी का अधिकार होना चाहिए।*

————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 19 मार्च को अयोध्या आ रही हैं। श्रीमती मुर्मू के आगमन को देखते हुए सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दिन आमंत्रित अतिथियों को विशेष पास जारी किए जाएंगे। बाइट...

*प्रवेश पत्र पर प्रत्येक व्यक्ति का कोड नंबर लिखा मिलेगा। यह प्रवेश पत्र ट्रांसफरेबिल नहीं है। सभी पर नाम भी होगा। मोबाइल फोन के साथ रामजन्मभूमि परिसर में प्रवेश नहीं मिलेगा। किसी के साथ कोई सुरक्षाकर्मी है वो परिसर में प्रवेश नहीं करेंगे। कोई बंदूक लाइसेंस की है तो भी वो लेकर परिसर में नहीं आ पाएंगे। जो सिख बंधु कानूनन जिनको एक छोटी सी कृपाण की अनुमति है, केवल वही गले में रह पाएगी। वह भी सिख समाज के अगर बंधु हैं तो। कौन से गेट से किसको प्रवेश करना है यह एक दो दिन के पश्चात सभी को बताया जाएगा।*

————————————

चुनाव आयोग ने आज असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु में एक चरण में विधानसभा चुनाव कराने की घोषणा की, जबकि पश्चिम बंगाल में दो चरणों में चुनाव होंगे। नई दिल्ली में पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि असम, केरल और पुडुचेरी में मतदान 9 अप्रैल को होगा। तमिलनाडु में मतदान 23 अप्रैल को होगा। पश्चिम बंगाल में मतदान अगले महीने की 23

और 29 तारीख को होगा। इन राज्यों में वोटों की गिनती 4 मई को होगी।

——————————

प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी जिलों में आज हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। लखनऊ, बरेली, अमरोहा, हापुड़, एटा, अम्बेडकरनगर और श्रावस्ती समेत क्षेत्रों में हल्की बारिश, बूंदाबांदी और तेज हवाएं चलीं। मौसम विभाग ने आज और कल अमरोहा, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, बिजनौर, शामली, सहारनपुर समेत आसपास के अन्य जनपदों में गरज चमक और तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। पूर्वांचल के मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर और आसपास के इलाकों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ ही ओले पड़ने का अलर्ट जारी किया है।

——————————

मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह प्रदेश के पश्चिमी जिलों में हुई वर्षा से फसलों को होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी ली। श्री योगी ने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को फील्ड में रहकर किसानों से संवाद करने और उनकी फसलों के नुकसान का आकलन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भो निर्देश दिया कि राहत आयुक्त फील्ड के अधिकारियों से

सीधा समन्वय रखें। साथ ही फसलों को होने वाली नुकसान का आकलन कर समय से मुआवजा सुनिश्चित करें।

————————————